Regarding corruption in Amrit Bharat station work in Sidhi Parliamentary constituency

डॉ. राजेश मिश्रा (सीधी): महोदया, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया।

महोदया, मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र में निर्माण हो रहे अमृत स्टेशनों की ओर दिलाना चाहता हूं।

महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र में दो स्टेशनों- शहडोल जिले के बिओहारी और सिंगरौली जिले के बरगवां में अमृत स्टेशन का कार्य चल रहा है। इसके लिए मैं माननीय रेल मंत्री जी को और आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। एक चीज मैंने खुद देखी है कि जो निर्माण एजेंसी इरकॉन कंपनी काम कर रही है, वह बहुत ही निम्न स्तर का कार्य है। उनके द्वारा जो कई जगह दीवारें बनाई गई हैं, वे क्रैक हो गई हैं। जो फर्श बनाया गया है, वह बनने से पहले उद्घाटन भी नहीं हुआ था, वे फट गई हैं। बिल्डिंग की छत से पानी टपक रहा है।

महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि इरकॉन लिमिटेड द्वारा जो कार्य कराया जा रहा है, चूंकि रेलवे हमेशा से एक उत्कृष्ट कार्य के लिए जाना जाता है, रेलवे के 50-60 साल पहले के काम भी आज देखने लायक हैं, इनकी जांच कराई जाए। इस तरह से निर्माण कार्य में जो त्रुटि है, उसको ठीक किया जाए। उनसे रिकवरी की जाए और जो अधिकारी और ठेकेदार हैं, उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाए। आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।